दिन— बुधवार दिनांक— 09/10/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः— 15 मिनट

---

01. भाजपा ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में लगातार तीसरी बार ऐतिहासिक जीत हासिल की। जम्मू—कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस गठबंधन को मिला स्पष्ट बहुमत।

02. जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा — प्रदेश में बागमती नदी के तटबंधों को ऊंचा कर सड़क का निर्माण कराया जायेगा।

03. राज्य में भूकम्परोधी भवन बनाने के लिए राजमिस्त्रियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जायेगा। सभी प्रखंडों के तीस—तीस मिस्त्रियों को मिलेगा प्रशिक्षण।

04. और, शारदीय नवरात्र के सातवें दिन आज देवी दुर्गा के कालरात्रि स्वरूप की हो रही है आराधना। देवी दर्शन के लिए कई मंदिरों और पूजा पंडालों के पट खुले।

————————————————————

हरियाणा में भाजपा ने लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी की है। भारतीय जनता पार्टी ने नब्बे सदस्यीय हरियाणा विधानसभा में बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है। पार्टी राज्य में लगातार तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। हरियाणा में भाजपा ने अड़तालीस और कांग्रेस ने सैंतीस सीटो पर जीत दर्ज की है। इंडियन नेशनल लोकदल को दो सीटें मिली हैं। तीन विधानसभा क्षेत्रों में निर्दलीय उम्मीदवारों ने जीत हासिल की है। इधर, जम्मू—कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस के गठबंधन को स्पष्ट बहुमत मिल गया है। गठबंधन ने उनचास सीटों पर जीत हासिल की है। वहीं, भाजपा को सत्ताईस सीटों पर जीत मिली है। पीडीपी को तीन और अन्य दलों के खाते में नौ सीटें आयी हैं।

————————————————————

प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में पार्टी को जनादेश देने के लिए राज्य की जनता का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह विकास और सुशासन की जीत है।

————————————————————

जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा है कि प्रदेश में बागमती नदी के तटबंधों को ऊंचा कर सड़क का निर्माण कराया जायेगा। श्री चौधरी सीतामढ़ी जिले के रून्नीसैदपुर और बेलसंड प्रखंडों में क्षतिग्रस्त तटबंधों के निरीक्षण के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इससे क्षेत्र में बाढ़ से सुरक्षा के साथ ही आवागमन की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि बागमती नदी पर ढेंग में बराज का

निर्माण होने से क्षेत्र में बाढ़ का प्रभाव कम होने के साथ ही किसानों को सिंचाई सुविधा भी प्राप्त होगी। श्री चौधरी ने कहा कि प्रदेश में बाढ़ की रोकथाम के लिए राष्ट्रीय गाद प्रबंधन नीति की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि नेपाल में हाई डैम के निर्माण से बिहार की बाढ़ की समस्या का स्थायी समाधान होगा।

————————————————————————————

प्रदेश के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्कूली बच्चों को सुरक्षित स्थानों पर पढ़ाया जायेगा। बिहार शिक्षा परियोजना परिषद ने इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारियों को पत्र लिखा है। पत्र के अनुसार बाढ़ के कारण जिन स्थानों पर बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं, वहां के गांव और टोलों में सुरक्षित स्थानों पर बच्चों को एकत्रित कर पढ़ाया जायेगा। इन स्थानों पर बच्चों को एकत्र करने की जिम्मेदारी संबंधित टोला सेवकों की होगी।

————————————————————————————

प्रदेश में भूकम्परोधी भवन बनाने के लिए राजमिस्त्रियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसके लिए बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और राष्ट्रीय कौशल विकास निगम ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉक्टर उदयकांत ने बताया कि समझौते के तहत अगले तीन वर्षों में राज्य के सभी पांच सौ चौंतीस प्रखंडों के तीस–तीस राजमिस्त्रियों को दस दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण की अवधि में प्रत्येक राजमिस्त्री को सात सौ रूपये प्रति दिन की दर से क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान किया जायेगा। साथ ही उन्हें एक उन्नत टूल किट और प्रमाण पत्र भी दिये जायेंगे। उन्होंने बताया कि अब तक बीस हजार इंजीनियरों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

———बाईट———

————————————————————————————

केन्द्र सरकार ने निक्षय पोषण योजना के तहत टीबी मरीजों को मिलने वाली सहायता राशि दोगुनी कर दी है। योजना के तहत अब मरीजों को एक हजार रूपये की राशि प्रतिमाह दी जायेगी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अपर सचिव और मिशन निदेशक अराधना पटनायक द्वारा इस संबंध में पत्र किया गया है। राज्य आईईसी अधिकारी टीबी बुशरा अजीम ने बताया कि यह राशि एक नवम्बर से मिलेगी। इस निर्णय से राज्य के एक लाख से अधिक टीबी मरीज लाभांवित होंगे।

————————————————————————————

बेगूसराय, भागलपुर और मुजफ्फरपुर में सौ–सौ बेड का कर्मचारी राज्य बीमा निगम, ईएसआईसी अस्पताल बनाया जायेगा। श्रम संसाधन विभाग के सचिव दीपक

आनंद ने बताया कि राज्य सरकार ने कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम के तहत बिहार कर्मचारी राज्य बीमा सोसाईटी के गठन को स्वीकृति दी है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने ईएसआईसी अस्पताल के निर्माण के लिए जमीन भी उपलब्ध करा दी है।

———————————————————————

भारतीय रिजर्व बैंक, आरबीआई ने शैक्षणिक संस्थानों के संकाय सदस्यों के लिए एक छात्रवृत्ति योजना की घोषणा की है। योजना के तहत देश में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग–यूजीसी या एआईसीटीई–मान्यता प्राप्त किसी भी विश्वविद्यालय या कॉलेज में अर्थशास्त्र या वित्त विषय पढ़ाने वाले पूर्णकालिक संकाय सदस्य अल्पकालिक शोध के लिए आवेदन करने के पात्र हैं। आवेदन की अंतिम तिथि पांच नवम्बर है। इच्छुक उम्मीदवार आवेदन पत्र और अधिक विवरण के लिए आरबीआई की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं।

———————————————————————

शारदीय नवरात्र के सातवें दिन आज देवी दुर्गा के कालरात्रि स्वरूप की पूरे विधि विधान के साथ पूजा–अर्चना की जा रही है।

———म्युजिक———

मान्यता है कि माता ने दानव रक्तबीज का संहार करने के लिए कालरात्रि का रूप धारण किया था। माँ के इस स्वरूप की पूजा करने से भय से मुक्ति मिलती है और नकारात्मक विचारों का नाश होता है। प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर आज पूजा पंडालों में प्राण–प्रतिष्ठा के साथ ही देवी प्रतिमाओं के पट दर्शन के लिए खुल जायेंगे। देवी प्रतिमा के दर्शन के लिए प्रदेश के विभिन्न मंदिरों और शक्तिपीठों में भक्तों का तांता लगा हुआ है। पूजा पंडालों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। इस बार कई स्थानों पर पर्यावरण की सुरक्षा का संदेश देते हुए इको फ्रेंडली पंडाल बनाये गये हैं। साथ ही कलाकारों ने अनाज, रूद्राक्ष, सूखे मेवे, दाल, सरसों के दाने समेत अन्य खाद्य सामाग्रियों का उपयोग करते हुए प्रतिमाओं का निर्माण किया है। अनुपयोगी वस्तुओं से भी माता की प्रतिमाएं बनायी गयी हैं। विभिन्न स्थानों पर रामलीला, गरबा और डांडिया महोत्सवों का भी आयोजन किया जा रहा है।

———म्युजिक———

———————————————————————

रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए हावड़ा–पटना वंदे भारत ट्रेन का ठहराव तेरह अक्टूबर से बख्तियापुर में करने का फैसला किया है। वहीं, हटिया एक्सप्रेस का ठहराव चौदह अक्टूबर से दनियांवा में भी होगा। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र ने बताया कि आज से दिल्ली और झारखंड के गोड्डा के बीच

बिहार होते हुये नई साप्ताहिक ट्रेन चलाई जायेगी। यह ट्रेन भभुआ रोड–सासाराम–डेहरी ऑन सोन और गया स्टेशन पर रूकेगी। रेलवे यात्रियों को नवरात्र व्रत स्पेशल थाली की सुविधा उपलब्ध करा रहा है। पटना सहित देश के एक सौ पचास से अधिक स्टेशनों पर यह सुविधा शुरू हो चुकी है।

———————————————————————

राज्य से मॉनसून की वापसी शुरू हो गयी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गोपालगंज, सीवान, बक्सर, भोजपुर, औरंगाबाद, रोहतास और कैमूर जिले से मॉनसून वापस लौट गया है। विभाग ने कहा है कि अगले चार से पांच दिनों में पूरे राज्य से मॉनसून की वापसी हो जायेगी। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान जमुई और बांका जिले के कुछ हिस्सों में भारी बारिश की सम्भावना है।

———बाईट———

———————————————————————

प्रदेश में डेंगू के नये मामलों के मिलने का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान डेंगू के एक सौ सैंतालीस नये मामलों की पुष्टि हुई है। राजधानी पटना से इकहत्तर नये मामले मिले हैं। इस वर्ष अब तक डेंगू के चार हजार से अधिक मामलों की पुष्टि हो चुकी है।

———————————————————————

विश्व स्वास्थ्य संगठन–डब्ल्यूएचओ ने घोषणा की है कि भारत आंखों के संक्रामक रोग ट्रेकोमा से मुक्त हो गया है। इसके साथ ही भारत यह उपलब्धि हासिल करने वाला दक्षिण पूर्व एशिया क्षेत्र का तीसरा देश बन गया है। डब्ल्यूएचओ ने नई दिल्ली में अपनी क्षेत्रीय समिति की बैठक में भारत की इस उपलब्धि को आधिकारिक रूप से प्रमाणित किया। ट्रेकोमा एक जीवाणु संक्रामक रोग है जो संक्रमित व्यक्ति की आंखों, पलकों, नाक या गले के स्राव के माध्यम से फैलता है। केन्द्र सरकार ने इसके प्रसार को रोकने के लिए उन्नीस सौ तिरेसठ में राष्ट्रीय ट्रेकोमा नियंत्रण कार्यक्रम शुरू किया था।

———————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से अगले वर्ष आयोजित होने वाली इंटर और मैट्रिक वार्षिक परीक्षा का फॉर्म भरने की आज अंतिम तिथि है। वहीं, सत्र दो हजार चौबीस–छब्बीस में ग्यारहवीं में नामांकित छात्र रजिस्ट्रेशन का भी आज अंतिम दिन है।

———————————————————————

आईसीसी महिला टी–20 विश्व कप के ग्रुप ए में आज शाम भारत का मुकाबला श्रीलंका से होगा। मैच भारतीय समयानुसार शाम साढ़े सात बजे से दुबई में खेला जायेगा।

इधर, पटना में आयोजित राज्य स्तरीय मेजर ध्यानचंद हॉकी प्रतियोगिता का आज फाईनल मुकाबला होगा। चैंपियनशिप के बालक वर्ग के खिताबी मुकाबले में मुजफ्फरपुर और पटना जबकि बालिका वर्ग में पूर्णियां तथा पटना के बीच मैच खेला जायेगा।

ग्यारह अक्टूबर से हरियाणा के रोहतक में बिहार और हरियाणा के बीच रणजी ट्रॉफी मैच खेला जायेगा। बिहार टीम का नेतृत्व वीर प्रताप सिंह करेंगे।

———————————————————————

बेगूसराय की एक स्थानीय अदालत ने हत्या के एक मामले में दो दोषियों को उम्रकैद और पच्चीस हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। इधर, पटना की एक अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में एक दोषी को बीस वर्ष की सजा और पचास हजार रूपये का अर्थदंड की सजा सुनाई है।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने हरियाणा और जम्मू–कश्मीर विधानसभा चुनाव परिणाम की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– हरियाणा में फिर भाजपा, कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस सरकार। अखबार लिखता है– हरियाणा में तीसरी बार कमल खिला।

दैनिक जागरण की खबर है– हाईवे किनारे रेस्तरां, चार्जिंग स्टेशन और शौचालय के लिए नई नीति लागू। नितिन गडकरी ने कहा– हमसफर नीति से बदल जायेगी सड़क यात्रा की तस्वीर।

दैनिक भास्कर ने राज्य के सरकारी स्कूलों में छात्रों के नामों का मजाक उड़ाने से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुये लिखा है– स्कूल में छात्रों को गधा, ऊंट जैसे शब्दों से पुकारने पर रोक, वजह– हीनभावना से बच्चे स्कूल तक छोड़ रहे।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार...........

01. भाजपा ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में लगातार तीसरी बार ऐतिहासिक जीत हासिल की। जम्मू–कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस गठबंधन को मिला स्पष्ट बहुमत।

02. जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा – प्रदेश में बागमती नदी के तटबंधों को ऊंचा कर सड़क का निर्माण कराया जायेगा।

03. राज्य में भूकम्परोधी भवन बनाने के लिए राजमिस्त्रियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जायेगा। सभी प्रखंडों के तीस–तीस मिस्त्रियों को मिलेगा प्रशिक्षण।

04. और, शारदीय नवरात्र के सातवें दिन आज देवी दुर्गा के कालरात्रि स्वरूप की हो रही है आराधना। देवी दर्शन के लिए कई मंदिरों और पूजा पंडालों के पट खुले।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।